>

Title: Regarding improvement in railway services in Pali Parliamentary constituency of Rajasthan.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद।

<u>18.51 hrs.</u> (Dr. M. Thambidurai *in the Chair*)

महोदय, मैं आपसे बिलाड़ा और बर के लिए नई रेल लाइन के लिए मांग करता हूं, 275 करोड़ रुपये देने की सरकार से मांग करता हूं। हमारे तिउरी स्टेशन पर रेलवे बुकिंग खोलने के लिए मैं आपके माध्यम से, रेलवे से मांग करता हूं। जोधपुर से चेन्नई के लिए ट्रेन संख्या 16126-16125, जो सप्ताह में एक दिन चलती है, का फेरा बढ़ाने की मांग करता हूं। बीकानेर से हैदराबाद के लिए चलने वाली ट्रेन संख्या 17038-17037 का फेरा बढ़ाने की मांग करता हूं। जोधपुर से पूना के लिए गाड़ी संख्या 11089-11090 का फेरा बढ़ाने की मांग करता हूं। चेन्नई, पूना और हैदराबाद में हमारे बहुत से प्रवासी लोग रहते हैं, वहां आने-जाने में बड़ी तकलीफ रहती है। आप इन ट्रेन्स का फेरा बढ़ाने की कोशिश करें। मैं आपसे पुरजोर मांग करता हूं कि रेल मंत्री जी से कह कर इन ट्रेन्स का फेरा बढ़वाएं और बिलाड़ा और बर के लिए नई रेल लाइन के लिए 275 करोड़ रुपये दिलवाएं, जिससे जनता को फायदा मिलेगा।